# परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था

**अणुशक्तिनगर, मुंबई-400094**

**अर्द्धवार्षिक परीक्षा (टर्म-1) (2017-2018)**

**कक्षा : 3 (तीन) विषय : हिंदी समय: 3 घंटा पूर्णांकः 80**

**नाम : ................................ वर्ग .... अनुक्रमांक: .............. दिनांक: ........**

**विद्यालय का नाम: ..........................................................................................**

**निरीक्षक के हस्ताक्षरः ...................परीक्षक के हस्ताक्षरः.............................**

**जांचकर्ता के हस्ताक्षर: ................. प्राप्तांक :**

---

**1. पठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे (10) प्रश्नों के उत्तर दो।**

बित्तो ने सिर पर एक बड़ा सा पग्गड़ बाँधा हाथ में दराँती लेकर घोड़े पर सवार हो गई। घोड़ा दौड़ाती वह खेत पर पहुँची और ज़ोर से चिल्लाई - अरे किसान ! तू तो कहता था कि तूने चार शेरों को फाँस कर रखा है। यहाँ तो सिर्फ़ एक ही है। बाकी कहाँ गए? फिर वह घोड़े से उतरकर शेर की तरफ़ बढ़ी और कहने लगी अच्छा, कोई बात नहीं, नाश्ते में एक ही शेर काफ़ी है।

इतना सुनना था कि शेर डर के मारे काँपने लगा और भाग खड़ा हुआ। यह देखकर बित्तो बोली- देखा, इसे कहते हैं हिम्मत ! तुम तो इतने डरपोक हो कि घर की गाय शेर के हवाले कर रहे थे।

क. बित्तो किस की पत्नी थी ? (1)

______________________________________________

ख. बित्तो ने सिर पर क्या बाँधा ? (1)

______________________________________________

**P.T.O**

ग. बित्तो किस पर सवार होकर किसान के पास पहुँची ? ( 1)

____________________________________________________

घ. बित्तो की आवाज़ सुनकर शेर ने क्या किया? (1)

____________________________________________________

ङ. शेर को भागते देखकर बित्तो किसान से क्या बोली ? ( 1)

____________________________________________________

च. नीचे लिखे वाक्यों को अपने शब्दों में लिखो।

- तुम घर की गाय शेर के हवाले कर रहे थे। ( 1)

____________________________________________________

- बित्तो घोड़े पर सवार हो गई। ( 1)

____________________________________________________

छ. इस गद्यांश में आए दो पशुओं के नाम लिखो। ( 2 )

**1.** --------------- **2.** ----------------

ज. बताओ, तुम्हें कौन हिम्मत वाला लगा? किसान या बित्तो| ( 1)

____________________________________________________

**2. अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे (10) प्रश्नों के उत्तर दो।**

एक किसान था। उस के पास एक जादुई बतख थी। वह रोज़ एक सोने का अंडा देती थी । किसान सोने के अंडे को बाज़ार में बेच देता था। इससे उसे अच्छी आमदनी हो जाती थी। थोड़े ही दिनों में किसान अमीर हो गया।

उसने एक विशाल घर बनवाया। उस घर में वह अपनी पत्नी तथा बच्चों के साथ आनंद से रहने लगा।

बहुत दिनों तक इसी प्रकार चलता रहा। एक दिन किसान ने सोचा, यदि मैं इस बतख के शरीर से सारे अंडे एक साथ निकाल लूँ, तो मैं मालामाल हो जाऊँगा ।

किसान ने एक बड़ा सा चाकू लिया और बतख का पेट चीर डाला परंतु बतख के पेट में से उसे एक भी अंडा नहीं मिला और बतख मर गई। किसान को अपनी गलती पर बड़ा दुख हुआ। वह पछताने लगा। किसान पागल जैसा हो गया। उसे रोज़ बतख से सोने का अंडा मिलता था। अब उसे अंडा कभी नहीं मिल सकता था।

इससे हमें यह शिक्षा मिलती है कि - लालच बुरी बला है।

क. किसान के पास क्या थी ? (1)

-------------------------------------------------------------------------------------------

ख. मुर्गी रोज़ क्या देती थी ? (1)

-------------------------------------------------------------------------------------------

ग. अंडे बेच कर थोड़े ही दिनों में किसान कैसा हो गया ? (1)

-------------------------------------------------------------------------------------------

घ. किसान ने एक दिन क्या सोचा ? (1)

-------------------------------------------------------------------------------------------

**P.T.O**

ङ. मुर्गी मरने के बाद किसान कैसा हो गया ? (1)

---------------------------------------------------------------------------------------------

च. किसान ने बड़ा चाकू ले कर क्या किया ? (1)

---------------------------------------------------------------------------------------------

छ. अनुच्छेद से दो संज्ञा शब्द छाँटो । (2)

**1.** ------------------ **2.** ------------------

ज. इस कहानी से तुम्हें क्या शिक्षा मिलती है ? (1)

---------------------------------------------------------------------------------------------

झ. विलोम शब्द लिखो । (1)

अमीर x ------------------

**3. नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दो। (वस्तुनिष्ठ)**

क. दो ऐसे खेलों के नाम लिखो, जिनमें दो टोलियाँ खेलती हों ? (1)

**1.** --------------- **2.** ---------------

ख. लिखो, कौन किस पर अकड़ जमाता होगा ? (1)

जंगल में -____________________________________

ग. शेखीबाज़ मक्खी कहानी के हिसाब से बताओ, कौन क्या? (1)

सबसे चतुर- --------------- घमंडी- ---------------

घ. ये आवाज़ कब सुनाई देती है ? ( 1)

खर्र - खर्र - -----------------------------

ङ. पतंग का चित्र बनाओ। (1)

**4. पाठों और कविताओं पर आधारित नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर (10 शब्दों में) दो। (लघुप्रश्न)**

क. घर की सफ़ाई करने के लिए किन-किन चीज़ों का इस्तेमाल होता है ? (2)

________________________________________________

________________________________________________

________________________________________________

ख. कक्कू कोयल जैसा क्यों नहीं है ? लिखो । (2)

________________________________________________

________________________________________________

________________________________________________

**P.T.O**

ग. चंदा तारों पर क्यों अकड़ता होगा? (2)

______________________________________________

______________________________________________

घ. खूँटे से क्या - क्या बाँधा जाता है? लिखो। (2)

______________________________________________

______________________________________________

ड. किन - किन बातों पर तुम्हें अक्सर टोका जाता है? लिखो। (2)

______________________________________________

______________________________________________

**5. पाठ्य पुस्तक से व्याकरण पर आधारित प्रश्न ।**

क. वचन बदलो। (2)

एक घोड़ा दस ----------------

एक मक्खी तीन ----------------

ख. लिंग बदलो । (2)

उदा. मोर - मोरनी

शेर - ---------------- राजा - ----------------

ग. विलोम शब्द लिखो। (2)

सुबह X ---------------- आज X ----------------

घ. समान अर्थ वाले शब्द लिखो। (2)

शरारत - -------------- सूर्य - ----------------

ङ. एक ऐसा शब्द लिखो, जिसमें - (1)

च्च हो - ----------------

च. नीचे लिखे वाक्य से एक संज्ञा शब्द छाँट कर लिखो। (1)

दिल्ली में लाल किला है।

संज्ञा - ----------------

छ. नीचे लिखे शब्दों को वर्णमाला के अनुसार लिखो। (2)

रथ छतरी

---------------- ----------------

ज. इनके पास तुमने अक्सर किन - किन को उड़ते-मँडराते देखा है ? (2)

फूलों पर - ----------------

इकट्ठे पानी के ऊपर - ----------------

झ. ( ज़ ) पर लगे नुक्ते वाला एक शब्द लिखो। (1)

----------------

**6. कल्पना सामान्य ज्ञान पर आधारित ( 1 ) प्रश्न ।** **(5)**

**प्र.** बित्तो की हिम्मत तुम्हें कैसी लगी अगर तुम बित्तो की जगह होते तो शेर से कैसे निपटते ?

---

7. दिए गए चित्र के बारे में एक अनुच्छेद लिखो। (5)



**8. अपनी किसी एक शरारत या कुक्कू के बारे में लिखो। (5)**

______________________________________________________________

______________________________________________________________

______________________________________________________________

______________________________________________________________

______________________________________________________________

______________________________________________________________

**9. शब्दों को शुद्ध करो। (2)**

कोशीस - ---------------- मुश्कील - ----------------

**10. कविता की पंक्तियाँ पूरी करो। (4)**

मन करता है ---------------- बनकर

---------------- में दौड़ लगाऊँ।

मन करता है ---------------- बनकर

सब तारों पर ---------------- दिखाऊँ।

**11. नीचे लिखे वाक्यों को शुद्ध करके लिखो। (2)**

1. मेरी स्कूल बड़ा है।

______________________________

2. पेड़ में तोता बैठा है।

______________________________

**P.T.O**

**12. नीचे लिखे मुहावरे व शब्द का वाक्यों में प्रयोग करो।** **( 2 )**

आग बबूला होना-______________________________________________

______________________________________________

बहादुर - ______________________________________________

______________________________________________

**13.नीचे लिखे अनुच्छेद का सुलेख लिखो ।** **( 5 )**

मेरे स्कूल का नाम परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालय है। मेरा स्कूल बहुत सुंदर है।स्कूल के सामने एक बड़ा सा बगीचा है। उसमें तरह-तरह के फूल हैं। मेरे स्कूल के सभी शिक्षक बहुत अच्छे हैं। वे हमें बहुत अच्छे से पढ़ाते हैं और अनुशासन व ईमानदारी की सीख भी देते हैं। मेरे स्कूल में सब बच्चे अच्छे से पढ़ते हैं। मुझे अपने स्कूल पर गर्व है।

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------